# होली खेले कन्हैया | By Bhagwat Kishore |

आयो रे आयो रे देखो मदन गोपाल
भर पिचकारी लिए रंग गुलाल
निकल बाहर राधा छोड़ेंगे ना आज
छोड़ेंगे ना आज

आज ब्रज में होली रे होली खेले कन्हैया
खेले कन्हैया होली खेले कन्हैया
आज ब्रज में होली रे होली खेले कन्हैया

रंग अबीर गुलाल उड़ाए
भर-भर के पिचकारी चलाए
दिखी राधा की टोली रे
होली खेले कन्हैया
आज ब्रज में होली रे होली खेले कन्हैया

आज कोई ना बच पाएगा
होली के रंग में रंग जाएगा
आई ग्वालों की टोली रे
होली खेले कन्हैया
आज ब्रज में होली रे होली खेले कन्हैया

सुन ओ बरसाने की छोरी
तीखे नयन वाली ओ गोरी
भगवत संग खेले होली रे
होली खेले कन्हैया
आज ब्रज में होली रे होली खेले कन्हैया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-bhagwat-kishore/